प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- कविंद्र गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल पद की शपथ की ग्रहण– प्रदेश के विकास व जनकल्याण के लिए सामूहिक प्रयासों पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आई.एस.बी.टी. शिमला से प्रदेश के लिए प्री–पेड टैक्सी सेवा का किया शुभारंभ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– सी.बी.एस.ई. स्कूलों में तैयारी का अभाव– बच्चों को किताबें उपलब्ध नहीं करवा पाई सरकार।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– वर्तमान वित्त वर्ष में एच.पी.शिवा परियोजना के तहत खर्च की जा रही है एक सौ करोड़ की राशि।
- प्रदेश पैंशनर्ज़ संयुक्त संघर्ष समिति ने आगामी बजट से पहले पैंशनरों की लंबित देनदारियों का समाधान करने की सरकार से की मांग।

राज्यपाल शपथ

कविंद्र गुप्ता हिमाचल प्रदेश के नए राज्यपाल बन गए हैं। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने आज लोकभवन शिमला में आयोजित सादे मगर गरिमामय समारोह में कविंद्र गुप्ता को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान हरियाणा के राज्यपाल प्रोफैसर असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कविंद्र गुप्ता हिमाचल प्रदेश के 30वें राज्यपाल बने हैं। शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और वह इसी भावना के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। कविंद्र गुप्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने विशेष रूप से राज्य में हरित क्षेत्र में विस्तार, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और धार्मिक पर्यटन को मज़बूत करने की दिशा में कार्य करेंगे। राज्यपाल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और भारतीय मूल्यों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ते हुए युवाओं के कौशल विकास के लिए विशेष प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई। कविंद्र गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल की ज़िम्मेवारी सौंपने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के अंतर्राज्यीय बस अड्डा टूटीकंडी से प्रदेश के लिए प्री–पेड टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया। इस सुविधा के तहत यात्री आई.एस.बी.टी. टूटीकंडी स्थित प्री–पेड टैक्सी कांउटर से टैक्सी बुक करवा सकते हैं। ये प्री–पेड टैक्सी सेवा शिमला शहर के भीतर 26 स्थानों को कवर करेगी। साथ ही चंडीगढ़ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सहित चंडीगढ़ शहर को भी इसमें शामिल किया गया है। इस सेवा में कुल एक सौ 15 वाहन शामिल होंगे, जिनका संचालन टैक्सी यूनियन द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये पहल पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी, क्योंकि किराया दरें परिवहन विभाग द्वारा अधिसूचित की गई है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस टैक्सी सेवा से स्थानीय लोगों और पर्यटकों को विश्वसनीय व सुव्यवस्थित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने बिना तैयारी के कुछ स्कूलों में सी.बी.एस.ई. के तहत पढ़ाई शुरू कर दी है, लेकिन एक महीने का समय बीत जाने के बाद भी विद्यार्थियों को किताबें भी मुहैया नहीं करवा पाई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार को बच्चों के लिए समय पर किताबें उपलब्ध करवाने पर ध्यान देना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि सी.बी.एस.ई. स्कूल के नाम पर कहीं भी स्पष्टता नहीं है और इन स्कूलों में तैयारी का पूरी तरह अभाव है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सी.बी.एस.ई. स्कूल में कुछ शिक्षक ऐसे हैं, जो इसमें जाने के इच्छुक भी नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि सरकार सी.बी.एस.ई. के तहत कुछ स्कूलों में पाठ्यक्रम शुरू कर रही है तो उसे पूरी तरह से लागू किया जाना चाहिए, ताकि उसमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी लाभ मिल सके।

जगत नेगी

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में एच.पी. शिवा परियोजना के तहत मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान एक सौ करोड़ रूपये खर्च किए जा रहे हैं, ताकि बागवानों को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने आज सोलन ज़िला में कंडाघाट के डेढ़घराट स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का औचक निरीक्षण करने के बाद ये बात कही। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में ऊष्ण कटिबंधीय बागवानी को बढ़ावा देने के लिए 2 सौ करोड़ रूपये की राशि खर्च की जा रही है। बागवानी मंत्री ने कहा कि पुष्प क्रांति में भी सोलन सहित प्रदेश के बागवान बेहतरीन कार्य कर रहे हैं।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करांदलाजे ने कहा है कि पी.एम. विश्वकर्मा योजना में त्रिस्तरीय ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से सत्यापन किया जाता है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर

सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि योजना के तहत चंबा ज़िला सहित अन्य दुर्गम क्षेत्रों के आवेदकों की सहायता के लिए सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से नामांकन की सुविधा प्रदान की जाती है। सिकंदर कुमार द्वारा चंबा ज़िला में पारंपरिक शिल्प के लिए विशेष रियायती बीमा शुरू करने की योजना के बारे में पूछे गए सवाल पर शोभा करांदलाजे ने बताया कि चंबा में पारंपरिक कारीगरों के लिए अलग से रियायती व्यापार जोखिम बीमा शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा कि पात्रता होने पर लाभार्थी मौजूदा सरकारी योजनाओं के तहत सामाजिक सुरक्षा व बीमा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

<u>पैंशनर</u>

हिमाचल प्रदेश पैंशनर्ज़ संयुक्त संघर्ष समिति ने राज्य सरकार से आगामी बजट से पहले पैंशनरों की लंबित देनदारियों को लेकर बातचीत के माध्यम से समाधान की मांग की है। समिति के अतिरिक्त महासचिव भूपराम वर्मा ने शिमला में कहा कि 21 मार्च को पेश होने वाले बजट से पहले सरकार ने अगर पैंशनरों की मांगों पर विचार नहीं किया तो 30 मार्च को बजट सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- कविंद्र गुप्ता ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल पद की शपथ की ग्रहण– प्रदेश के विकास व जनकल्याण के लिए सामूहिक प्रयासों पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आई.एस.बी.टी. शिमला से प्रदेश के लिए प्री–पेड टैक्सी सेवा का किया शुभारंभ।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– सी.बी.एस.ई. स्कूलों में तैयारी का अभाव– बच्चों को किताबें उपलब्ध नहीं करवा पाई सरकार।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– वर्तमान वित्त वर्ष में एच.पी.शिवा परियोजना के तहत खर्च की जा रही है एक सौ करोड़ की राशि।
- प्रदेश पैंशनर्ज़ संयुक्त संघर्ष समिति ने आगामी बजट से पहले पैंशनरों की लंबित देनदारियों का समाधान करने की सरकार से की मांग।

-------------------